**FIROZABAD POLICE**

**" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "**

**सराहनीय कार्य दिनाँक 16-06-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।**

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस व सर्विलांस/एसओजी टीम द्वारा चोरी / लूट के अभियोगों में वांछित 04 शातिर चोर/लुटेरे अभियुक्तगण दानिश उर्फ गौतम, फरमान उर्फ गूंगा, सादिक खान उर्फ पप्पू और गुलफाम पुत्र रफल खान पुलिस मुठभेड़ के दौरान किये गये गिरफ्तार।

- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी/लूटे गये 07 पशु (03 बकरे व 04 बकरी ), चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 11,860/- रूपये, 01 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त सफेद स्विफ्ट वीडीआई कार नं0 UP-83-AN-6800 बरामद।**
- **शातिर अभियुक्त दानिश उर्फ गौतम पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल..**
- **अभियुक्त दानिश उर्फ गौतम के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस बरामद।**
- **घायल अभियुक्त दानिश उर्फ गौतम को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया...**

दिनांक 24.05.2025 को वादी धर्मवीर पुत्र धर्मेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी भूडा थाना शिकोहाबाद ने थाना शिकोहाबाद पर लिखित सूचना दी थी कि दिनांक 23/24.05.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर में घुसकर जेवरात व रूपये चोरी कर लिये है घटना के परपेक्ष में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। तथा दिनाँक 14.06.2025 को वादी जनवेद सिंह पुत्र सिकन्दर बघेल निवासी दिखतौली थाना शिकोहाबाद ने सूचना दी कि उसके पिता पन्ना लाल ग्राम दिखतौली नहर पटरी पर अपनी बकरियों को चराने के लिये लेकर गये थे तभी सफेद रंग की कार में 04 अज्ञात व्यक्ति आये और 07 बकरियाँ (04 बकरी व 03 बकरे) को चोरी कर ले गये तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2) बनाम कार सवार अज्ञात 04 अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटनाओं के सफल अनावरण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 16-06-2025 को थाना शिकोहाबाद एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि 02 दिन पूर्व ग्राम दिखतौली नहर पुल से सफेद रंग की स्विफ्ट कार से बकरियां चुरा/छीन कर ले जाने वाले अभियुक्त उसी सफेद रंग की गाड़ी से भूडा नहर पटरी पर घटना करने की फिराक में अवैध असलहा सहित घूम रहे हैं। सूचना का संज्ञान लेकर थाना शिकोहाबाद एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा भूडा नहर पटरी पर सघनता से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 01

सफेद रंग की कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को रुकने का इशरा किया गया किन्तु कार चालक ने पुलिस टीम को देखकर कार को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। नहर पटरी संकरी होने की वजह से कार चालक जल्दबाजी में कार को मोड़ नहीं पाया जिससे कार सवार 04 संदिग्ध व्यक्ति कार से उतरकर नहर पटरी से खेतों की तरफ भागने लगे। भागने के दौरान एक अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में उक्त अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान दानिश उर्फ गौतम पुत्र मास्टर खान के रुप में हुई। तथा इसी दौरान अन्य 03 अभियुक्त मौके से भागने लगे पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर अन्य तीनों अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान क्रमशः 1.फरमान उर्फ गूंगा पुत्र असरफ, 2.सादिक खान उर्फ पप्पू पुत्र मास्टर खान, 3.गुलफाम पुत्र रफल खान के रुप में हुई है। सभी अभियुक्तगण मु0अ0सं0 387/25 व मु0अ0सं0 323 में वांछित अभियुक्तगण हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्त सादिक खान व गुलफाम द्वारा दिनाँक 23/24.05.25 की रात्रि को ही थाना खैरगढ़ स्थित ग्राम हुसैनपुर जगे के एक मकान से एक मोबाइल फोन व कुन्डल चोरी करना स्वीकारा गया है जिसके सम्बन्ध में थाना खैरगढ़ पर मु0अ0स0 72/25 धारा 305ए/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तों द्वारा कुन्डल को बेचकर उपरोक्त रुपये प्राप्त किये गये थे। अभियुक्तों के कब्जे से 11,860 रुपये, 01 मोबाइल फोन 01 तमंचा, 02 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुए तथा पूछताछ के दौरान अभियुक्तों की निशांदेही पर 07 पशु (04 बकरियां व 03 बकरे) बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. दानिश उर्फ गौतम पुत्र मास्टर खान निवासी डेरा बंजारा मुंशी नगला पत्राहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
2. फरमान उर्फ गूंगा पुत्र असरफ निवासी डेरा बंजारा मुंशी नगला पत्राहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
3. सादिक खान उर्फ पप्पू पुत्र मास्टर खान निवासी डेरा बंजारा मुंशी नगला पत्राहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।
4. गुलफाम पुत्र रफल खान निवासी डेरा बंजारा मुंशी नगला पत्राहार थाना दन्नाहार जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस।
3. 01 खोखा कारतूस।
4. घटना में प्रयुक्त एक अदद कार स्विट रंग सफेद रजि0 नं0 UP83N6800
5. 03 अदद बकरे व 04 अदद बकरी (सम्बन्धित मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2)बीएनएस0)
6. 11,860 रूपये (सम्बन्धित मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए बीएनएस0)
7. 01 अदद मोबाइल फोन सैमसंग सम्बन्धितमु0अ0स0 72/25 धारा 305ए/317(2) बीएनएस0 थाना खैरगढ़ जनद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त दानिश उर्फ गौतम का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2)बीएनएस0 तरमीम धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए /317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद
3. मु0अ0सं0 392/2025 धारा 109(1)बीएनएस /3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद

**अभियुक्त फरमान उर्फ गूंगा का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2)बीएनएस तरमीम धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए /317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 392/2025 धारा 109(1)बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त गुलफाम का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2)बीएनएस तरमीम धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए /317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 392/2025 धारा 109(1)बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 72/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त सादिक खान उर्फ पप्पू का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 387/25 धारा 303(2)बीएनएस तरमीम धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 323/25 धारा 305ए /317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 617/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली मैनपुरी जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 392/2025 धारा 109(1)बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 72/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित कुमार मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 राजीव गौतम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 रजत रजत तोमर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 नवीन कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 राजकुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
7. हेड का0 376 सुशील कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
8. हेड का0 953 ललित शर्मा एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
9. आरक्षी 887 उग्रसैन एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 150 अरूण कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 920 संदीप कुमार एसओजी टीम जिला जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 879 जयप्रकाश एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
13. हेड का0 940 अमित उपाध्याय सर्विलान्स जनपद फिरोजाबाद।
14. हेड का0 1059 देवेन्द्र कुमार सर्विलान्स टीम जनपद फिरोजाबाद।
15. हेड का0 550 गोपाल सिंह सर्विलान्स टीम जनपद फिरोजाबाद।
16. का0 118 रघुराज सिंह सर्विलान्स टीम जनपद फिरोजाबाद।
17. का0 723 कृष्ण कुमार सर्विलान्स टीम जनपद फिरोजाबाद।
18. हेड का0 737 राजकुमार थाना शिहोकाबाद जनपद फिरोजाबाद।
19. का0 1409 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
20. का0 962 अमन छोंकर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।